संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 1

पाठ: 7 पापा खो गए, 8 शाम-एक किसान, 9 चिड़िया की बच्ची

1. दिए गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए (5)

सेठ माधव दास ने अपनी संगमरमर की नई कोठी बनवाई है । उसके सामने बहुत सुहावना बगीचा भी लगवाया है । उनको कला से बहुत प्रेम है । धन की कोई कमी नहीं थी । एक दिन सेठ माधव दास मनसद के सहारे बैठा था । उस दिन संध्या समय उनके देखते-देखते सामने की गुलाब की डाली पर एक चिड़िया आन बैठी। चिड़िया बहुत सुन्दर थी। उसकी गर्दन लाल थी और गुलाबी होते-होते किनारों पर जरा-ज़रा नीली पड़ गई थी । पंख ऊपर से चमकदार स्याह थे ।

प्रश्न - दिए गए विकल्पों से उचित शब्द चुनिए।

(1.) सेठ माधव दास कैसा व्यक्ति है ?

(क) अमीर (ख) गरीब (ग) आलसी

(2.) एक शाम माधव दास ने किसे देखा ।

(क) कुत्ता (ख) नन्ही चिडिया (ग) फूल

(3.) नन्ही चिडिया कहॉ आकर बैठी ?

(क) आम की डाली पर (ख) छत पर (ग गुलाब की डाली

(4.) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(क) पापा खो गए (ख) शाम-एक किसान (ग) चिड़िया की बच्ची

(5) चिड़िया की गर्दन किस रंग की थी ?

(क) गुलाबी (ख) नीली (ग) लाल

2. पढ़े गए पाठों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई ? 2

ख) क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर पर नहीं पहुँचा पा रहे थे ? 2

ग) कवि ने किसान के रूप में किसके प्राकृतिक दृश्य का चित्रण किया है? 2

घ) कहानी के अंत में नन्ही चिड़िया का सेठ के नौकर के पंजे से भाग निकलने की बात पढ़कर आपको कैसा लगा? 2

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 2

पाठ: 7 पापा खो गए, 8 शाम - एक किसान, 9 चिड़िया की बच्ची

1. कलम का कॉपी से संवाद लिखिए । 5

2. उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करें । 3

मुझ पर भी एक रात आसमान से गड़गड़ाती बिजली आकर पड़ी थी अरे बाप रे वो बिजली थी या आफ़त याद आते ही अब भी दिल धक -धक करने लगता है और जहाँ बिजली गिरी थी वहाँ खड्डा कितना गहरा पड़ गया था खंभे महाराज अब जब कभी बारिश होती है तो मुझे उस रात की याद हो जाती है

3. `**पर**` शब्द का प्रयोग कर ऐसे तीन वाक्य बनाइए जिनमें अलग-अलग उद्देश्यों के लिए 'पर' शब्द का प्रयोग हुआ हो 3

4. विलोम शब्द लिखिए 2

सुबह --------------

स्वाधीन ....

(उत्तरमाला)- सेट 1

संचयी कक्षा परीक्षा - सांतवीं

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

(1) अमीर
(2) नन्ही चिडिया
(3) गुलाब की डाली
(4) चिड़िया की बच्ची
(5) गुलाबी

2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) एक बार जोर को आँधी आने के कारण खम्बा पेड़ के ऊपर गिर जाता हैं । उस समय पेड़ उसे संभल लेता है और वह जख्मी भी हो जाता है । इस घटना से खम्बे का मजबूत और ऊँचा होने का घमंड चूर-चूर हो जाता है और अंत में दोनों की दोस्ती हो जाती है ।

ख) क्योंकि वह घर का पता नहीं जानती थी और न ही उसे उस स्थान का नाम और पिता का भी नाम याद नहीं था वह बिलकुल नादान और छोटी थी यही वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर पर नहीं पहुँचा पा रहे थे|

ग) कवि ने किसान के रूप में शाम के प्राकृतिक दृश्य का चित्रण किया है|

घ) कहानी के अंत में नन्ही चिड़िया का सेठ के नौकर के पंजे से भाग निकलने की बात पढ़कर हमें अच्छा लगा क्योंकि चिड़िया को अपनी आज़ादी पसंद थी और वह अपनी माँ के पास जाना चाहती थी

(उत्तरमाला)- सेट 2

संचयी कक्षा परीक्षा - VII

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1. विवेकानुसार अंक दिए जाएँ 5

2. उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करें 3

मुझ पर भी एक रात आसमान से गड़गड़ाती बिजली आकर पड़ी थी । अरे,बाप रे! वो बिजली थी या आफ़त ! याद आते ही अब भी दिल धक-धक करने लगता है और जहाँ बिजली गिरी थी वहाँ खड्डा कितना गहरा पड़ गया था, खंभे महाराज! अब जब कभी बारिश होती है तो मुझे उस रात की याद हो जाती है ।

3.

पर - के ऊपर - मेज़ के ऊपर किताब रखी है । 1

पर- पंख - मोर अपने सुंदर पर फैला कर नाच रहा है । 1

पर- लेकिन - मैं स्टेशन ज्ञ था, पर ट्रेन निकल चुकी थी । 1

4.

सुबह - शाम 1

स्वाधीन- पराधीन 1

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 3

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1. दिए गए गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए (5)

मैं बच्चे उठानेवाला हूँ। दूसरा कोई काम करने की मेरी इच्छा नहीं होती । अभी थोड़ी देर पहले एक घर से यह लड़की उठाई है मैंने। गहरी नींद सो रही थी । अब तक उठी नहीं है। उठेगी भी नहीं, मैंने इसे थोड़ी बेहोशी की दवा जो दी है। अब मुझे लगी है भूख। दिनभर कुछ खाने का वक्त ही नहीं मिला है । पेट में जैसे चूहे दौड़ रहे हो! ---- तो ऐसा किया जाए ------ इसे यहीं लेटाकर अपने जरा कुछ खाने की तलाश करें। देखे कुछ मिल जाए तो! इतनी रात गए इस वक्त अब किसी का आना मुमकिन नहीं ।

क) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
ख) लड़की अभी तक क्यों नहीं उठी है?
ग) लड़की को लेटाकर वह कहाँ चला गया?
घ) यह घटना किस समय की है?
ङ) उपर्युक्त गद्यांश से छांटकर **संभव** शब्द का पर्याय लिखिए।

2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) नाटक में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा ओर क्यों ? 2
ख) लैटरबाक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे? 2
ग) शाम के समय आपको आसमान में कौन से परिवर्तन दिखाई देते है? 2
घ) किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास सुखी नहीं था ? 2

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 4

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए : 2

आँधी

दहक

4. नीचे दिए गए शब्दों में से विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए । 3

- नन्ही
- चादर
- गल्ला
- परदा
- छोटा
- मरियल
- चिड़िया

5. 'पूर्व' शब्द का अलग-अलग अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग करो। 2

(उत्तरमाला)

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 3

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1.

क) पापा खो गए ।

ख) बेहोशी की दवा दिए जाने के कारण ।

ग) लड़की को लेटाकर वह अपने लिए खाना खाने चला गया ।

घ) यह घटना शाम के समय की है ।

ङ) मुमकिन

2.

क) नाटक में सबसे बुद्धिमान पात्र कौआ लगा ,क्योंकि वह उड़-उड़ कर सारी दुनिया कि खबर रखता था । उसे देश - दुनिया में घाट रही घटनाओं कि जानकारी थी , उसे अच्छे बुरे की पहचान थी । अपनी सूझबूझ से वह लड़की को उस दुष्ट व्यक्ति से बचाता है और फिर भी उसे शी सलामत उसके घर तक पहुँचाने की तरकीब भी सोचता । 2

ख) लैटरबाक्स पूरी तरह से लाल रंग में रंगा हुआ था, इसलिए लैटरबाक्स को सभी लाल ताऊ कहकर पुकारते थे । 2

ग) शाम के समय आसमान में जब सूरज डूबने वाला होता है तो अंधेरा सा छा जाता है । पश्चिम दिशा की और लाली नज़र आती है । पक्षी एक एक करके अपने घरों (घोंसलों) की और लौट रहे होते हैं । 2

घ) घर पर सब कुछ होते हुए भी कुछ खाली खाली सा रहता था , उनका महल भी सुना था । वहाँ कोई ऐसा नहीं था, जिसे देख कर उनका दिल बहले या जिससे वे अपननी मन की बात कह सके, उनका मन अक्षर उदास रहता था । चिड़िया को देखकर उसे अपने पास रोकने के लिए तरह - तरह का प्रलोभन आदि से पता चलता है कि संपन्न होने के बावजूद माधवदास सुखी नहीं थे । 2

उत्तर संकेत
संचयी कक्षा परीक्षा
कक्षा VII
विषय हिंदी
सेट 4

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1. औंधी - उल्टा 1

वाक्य - कोप भवन में कैकेयी औंधी पड़ी थी।

दहक - प्रबल वेग 1

वाक्य - अँगीठी में आग दहक थी।

2. नन्ही, छोटा, मरियल 3

3. पूर्व - पहले - राम , शाम से पूर्व कक्षा में आता है। 1

पूर्व - दिशा - सूर्य सदा पूर्व से निकलता है। 1

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 5

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1) दिए गए पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए 5

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़ ।
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अंधकार दूर पूर्व में सिमटा बैठा है,
भेड़ों के गल्ले सा।

क) उपर्युक्त पद्यांश के कवि ओर कविता का नाम लिखिए।
ख) पहाड़ ने किसका साफ़ा बाँधा है?
ग) पहाड़ किस की चिल्ल्म खींचता है?
घ) पलाश के फूलों को किसके समान बताया है?
ड.) कविता में अंधकार की तुलना किसके साथ की गई है।

2) सा / सी का प्रयोग कर दो वाक्य बनाओ। 3

3) नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 4

क) सूरज -

ख) नदी -

ग) अँधेरा -

घ) पक्षी -

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 6

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

पढ़े गए पाठों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1 माधवदास बार-बार चिड़ियों से क्यों कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है ? क्या माधवदास निस्वार्थ मन से ऐसा कह रहा था ? 2

2 लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है ? 2

3 माँ मेरी बात देखती होगी ` नन्ही चिड़िया इस बात को कहती है । आप अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि हमारी ज़िंदगी में माँ का क्या महत्व है ? 2

4 क्या आप बच्ची के पापा को खोजने के लिए नाटक से अलग कोई और तरीका बता सकते हो? लिखिए । 2

उत्तरमाला-3

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 5

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

1) 5

क) कविता का नाम -“शाम- एक किसान” कवि का नाम - सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

ख) आकाश का

ग) सूर्य की

घ) जलती हुई अँगीठी के समान

ङ) भेड़ों के समूह से की है ।

2) **(ग)** 1.मोहन एक एक मरियल-सी गाय खरीदी ।

1. एक नन्ही-सी चिड़िया फुदकती हुई मेरे सामने आ बैठी ।
2. शाम के समय अंधकार भेड़ों के गल्ले-सा दिखाई दे रहा था ।

3)

क)सूरज - दिनकर , सूर्य, रवि

ख)नदी - तटिनी , सरिता ,नद

ग)अँधेरा - अंधकार, तिमिर , तम

घ)पक्षी - खग , विहग पक्षी

उत्तरमाला

संचयी कक्षा परीक्षा

कक्षा VII

विषय हिंदी

सेट 6

पाठ: 4 पापा खो गए , 5 शाम - एक किसान , 6 चिड़िया की बच्ची

(विद्यार्थी की निजी अभिव्यक्ति पर भी अंक दिए जाएँ)

1 नहीं, माधवदास बार- बार चिड़ियों से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है इसमें स्वार्थ की भावना थी। क्योंकि चिड़िया के आने से उसके बगीचे में रौनक आ गई थी । चिड़िया की सुंदरता और मनमोहक आवाज़ ने सेठ को प्रसन्न कर दिया था। वह उसका मन बहलाने लगी थी । 2

2 लाल ताऊ पढ़ा-लिखा और बुद्धिमान था। वह जीवंत रूप में अपना जीवन जीता था । वह अपने आप में मस्त रहता था। अकेले रहने पर भजन गुनगुनाते रहना उनकी आदत थी । इस प्रकार वह बाकी पात्रों से भिन्न था । 2

3 माधवदास सेठ चिड़िया को तरह तरह के लालच दे रहा था। मगर चिड़िया को अपनी माँ की फिक्र थी क्योंकि माँ का हमारे जीवन में अधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वह हमारा पालन- पोषण करती है। हमारी देखभाल करती है और दुनिया की भली-बुरी चीजों से अवगत कराती है । वह दुख-सुख में हमारा साथ नहीं छोडती है। 2

4 हाँ, मैं बच्ची के पापा को खोजने के लिए समाचार -पत्र ओर टेलीविज़न में गुम होने की फ़ोटो चित्र सहित सूचना दूँगा। 2